महात्मा गाँधी बालिका (पी0जी0) कॉलेज, फिरोजाबाद

रेंजर्स

✦ वार्षिक रिर्पोट ✦

सत्र 2017–2018

रेंजर्स प्रभारी

डॉ0 फरहा तबस्सुम

रेंजर्स प्रवेश मूल्यांकन जाँच शिविर रिपोर्ट

महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद की लक्ष्मीबाई रेंजर्स टीम का प्रवेश मूल्यांकन जाँच शिविर दिनांक 09.11.2017 से 11.11.2017 तक महाविद्यालय प्रांगण में लगाया गया। शिविर में महाविद्यालय की 45 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

शिविर का आरम्भ दिनांक 09.11.2017 को महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. निर्मला यादव द्वारा माँ सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर ध्वजारोहण से किया गया। प्रशिक्षण में श्री कोमल सिंह यादव, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) जनपद फिरोंजाबाद उपस्थित थे। उन्होनें प्रार्थना, झण्डागीत, प्रतिज्ञा, नियम सैल्यूट, बाया हाथ का मिलाना, स्काउट चिन्ह, स्काउट/गाइड का प्रशिक्षण ध्वज शिष्टाचार आदि के विषय में रेंजर्स को जानकारी दी।

द्वितीय दिवस दिनांक 10.11.2017 को वर्दी, प्राथमिक चिकित्सा, वयस्क का प्रशिक्षण, गाँठे बंधन, सीटी के संकेत, टोली की जानकारी, अनुमान लगाना, हाइकिंग, बिना बर्तन के भोजन बनाना, कैम्प फायर तथा तम्बू निर्माण के विषय में रेंजर्स को जानकारी दी।

तृतीय दिवस दिनांक 11.11.2017 को शिविर की शुरुआत प्रार्थना एवं झण्डागीत से हुई। महाविद्यालय प्राचार्या, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. मीना गुप्ता एवं डॉ. तुलसी देवी द्वारा तम्बू निमार्ण, कुकिंग तथा कैम्प फायर का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात दीक्षा संस्कार का कार्यक्रम व ध्वजअवतरण कर राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।

कार्यक्रम में रेंजर्स प्रभारी डॉ. फरहा तबस्सुम, रेंजर्स प्रशिक्षिका चित्रांशी तौमर एंव महाविद्यालय की छात्रायें उपस्थित थी।

F.Tabas

(डॉ. फरहा तबस्सुम)
रेंजर्स प्रभारी, उर्दू विभाग